E. mail

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक/स्थापना/अ-2/विविध/3417/832 भोपाल, दिनांक 31/07/2024

//आदेश//

मुख्यालय स्तर से जारी परिपत्र क्रमांक/स्था/अ-1/विविध/05/682-683 दिनांक 28.05.2024 में रिक्त मंडियों में प्रभार के संबंध में उल्लेख किया गया है, परन्तू उक्त आदेश के पूर्व और आदेश जारी होने के पश्चात संभागान्तर्गत एक मण्डी समिति से दूसरी कृषि उपज मण्डी समिति में यदि संयुक्त संचालक/उप संचालक आंचलिक कार्यालयों द्वारा अपने स्तर से मण्डी निरीक्षक/सहायक उपनिरीक्षक एवं अन्य कर्मचारियों का संलग्नीकरण किया गया है तो, ऐसे कर्मचारियों की सूची संलग्न प्रपत्र में तत्काल उपलब्ध करायें। साथ ही निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में किसी भी मण्डी समिति में प्रशासनिक आधार पर संलग्नीकरण आदि यदि किया जाना आवश्यक हो तो बोर्ड मुख्यालय से अनुमति प्राप्त की जाकर ही संलग्नीकरण की कार्यवाही की जावे।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

31/07/24

(श्रीमन् शुक्ला)
प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/स्थापना/अ-2/विविध/3417/833 भोपाल, दिनांक 31/07/2024

प्रतिलिपि:-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

(1) निज सहायक, प्रबंध संचालक सहआयुक्त म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।
(2) अपर संचालक/संयुक्त संचालक/अधीक्षण यंत्री/उपसंचालक (समस्त) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।
(3) संयुक्त संचालक म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय ....(समस्त) की ओर पालनार्थ।
(4) कार्यपालन यंत्री, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी संभाग ....(समस्त) की ओर पालनार्थ।
(5) भारसाधक अधिकारी/सचिव कृषि उपज मंडी समिति...............जिला ....(समस्त) की ओर पालनार्थ।
(6) आदेश नस्ती/नियमन/बोर्ड कार्मिक/कम्प्यूटर शाखा, मण्डी बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।

प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

//प्रपत्र//

आपके संभाग के अंतर्गत एक मण्डी समिति से दूसरी मण्डी समिति/आंचलिक कार्यालयों/तकनीकी कार्यालयों में मण्डी निरीक्षकों, सहायक उपनिरीक्षको एवं अन्य कर्मचारियों के अभी तक किए किए गये संलग्नीकरण/सम्बद्धता की जानकारी निम्नानुसार प्रपत्र में 03 दिवस में अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करे :-

कं	नाम	पदनाम	मूल पदस्थापना	संलग्नीकरण कहां किया गया	आदेश कमांक एवं दिनांक	संलग्नीकरण किसके द्वारा
1	2	3	4	5	6	7

DS_LET...122